# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–3 / 20 / 2022 / 10–11 / 2 / 2621 भोपाल, दिनांक 28-6-23

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
सामान्य वनमंडल दक्षिण बैतूल / उत्तर बैतूल,
मध्यप्रदेश।

**विषयः–बैतूल जिले के अन्तर्गत घोघरी सिंचाई परियोजना (पाईप लाईन) के निर्माण हेतु 1.987 हेक्टेयर वन भूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः–भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र, भोपाल का पत्र क्रमांक 6–एमपीबी 029 / 2022–बीएचओ, दिनांक 26.06.2023

––00––

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, त्वरित संदर्भ हेतु छायाप्रति संलग्न है। जिसके द्वारा भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल ने विषयांकित प्रकरण की प्रथम चरण सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई है। स्वीकृति पत्र में उल्लेखित शर्तों के अनुसार निम्नानुसार कार्यवाही की जावे :–

शर्त क्रमांक– A(1) के पालन में प्रकरण में वनमण्डलाधिकारी, उत्तर बैतूल द्वारा तैयार की गई वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना अनुसार कुल राशि रू. 45,55,353 / – आवेदक संस्थान से कैम्पा मद में आनलाईन जमा कराई जावें।

शर्त क्रमांक– A(2) के पालन में प्रकरण में क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु प्राप्त गैर वनभूमि को वन विभाग के नाम हस्तांतरण / नामान्तरण कराकर फार्म पी–2 एवं कब्जा रसीद आदि की प्रति इस कार्यालय को भिजवायें। ***साथ ही आवेदक संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गयी गैर वनभूमि को वनभूमि घोषित करने संबंधी अधिसूचना का प्रारूप वन भू–अभिलेख शाखा को भेजते हुए की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को शीघ्र अवगत करावें।***

शर्त क्रमांक– A(3) के पालन में प्रस्तावित 1.987 हेक्टेयर वनभूमि की नेट प्रजेण्ट वैल्यू की राशि रू. 19,03,109 / – आवेदक संस्थान से कैम्पा मद में आनलाईन जमा कराई जावें।

शर्त क्रमांक– A(5) के पालन में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा जारी प्रस्तावित वनभूमि का एफ.आर.ए. प्रमाण पत्र इस कार्यालय को भिजवायें।

शर्त क्रमांक– B(3) के पालन में अतिरिक्त एन.पी.व्ही. की राशि देय संबंधी वचन पत्र आवेदक संस्थान से प्राप्त कर प्रेषित किया जावें।

अतः भारत सरकार द्वारा जारी शेष समस्त शर्तो का शर्तवार पालन प्रतिवेदन आवेदक संस्थान से प्राप्त किया जाकर इस कार्यालय को 02 प्रति में प्रेषित किया जावें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

28/6/2023

(सुनील अग्रवाल)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक / एफ–3 / 20 / 2022 / 10–11 / 2 / 2622 भोपाल, दिनांक 28-6-23

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, बैतूल वृत्त बैतूल, मध्यप्रदेश।
2. कार्यपालन यंत्री, जल संसाधान सभांग क्रमांक–2 बैतूल, जिला बैतूल, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

28/6/2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

D:\AJ\Data-irrigation\Section F-3 (Part-II).docx